भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-4764

जिसका उत्तर 31 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।

रूस के साथ चल रही परियोजनाओं पर प्रतिबंध

4764. श्री दयानिधि मारन:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विद्युत मंत्रालय के तहत उन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जहां रूस और यूक्रेन की सरकारें परियोजना-वार शामिल हैं;

(ख) रूस के साथ चल रही परियोजनाओं पर विभिन्न प्रतिबंधों के संदर्भ में पड़ने वाले प्रभाव का ब्यौरा क्या है; और

(ग) रूस के साथ कुल बजटीय आवंटन, किए गए व्यय और विभिन्न विद्युत उत्पादन परियोजनाओं के पूरा होने की अपेक्षित तिथियों का राज्य और मद-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग) : जहां तक विद्युत मंत्रालय का संबंध है, एनटीपीसी की बाढ़ सुपर थर्मल पावर परियोजना, चरण-I (3X660 मेगावाट), जो अभी निर्माणाधीन है, से रूस की कंपनियां जुड़ी हुई हैं। इस परियोजना पर विभिन्न प्रतिबंधों के अनुसार परियोजना लागत, किया गया व्यय और कमीशनिंग की प्रत्याशित तारीख सहित प्रभावों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

प्रतिबंधों के प्रभाव का ब्यौरा:

- स्विफ्ट अंतर्राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली से रूस के बैंकों के बहिष्कार के कारण भुगतानों और बैंक गारंटियों के नवीनीकरण में कठिनाई।
- रूस की कंपनियों से बकाया उपकरणों/सामग्री की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।
- परियोजना की कमीशनिंग संबंधी गतिविधियों के लिए रूस अभियंताओं/तकनीकी सलाहकारों के दौरे प्रभावित हो सकते हैं।

अनुमोदित लागत	**(फरवरी, 2022) तक किया गया व्यय**	**प्रत्याशित कमीशनिंग की तारीख**
21,312 करोड़ रुपये	19,738 करोड़ रुपये	वर्ष 2023-24 की तिमाही-2

****